सेंट मोंटफोर्ट स्कूल, पटेल नगर में शिक्षक दिवस – 2018

5 सिंतबर 2018 सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय पटेल नगर में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में पूर्ण उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के उप प्राचार्य ब्रदर मिंज, सिस्टर कृपा , सिस्टर एनलिट , सिस्टर निकिता तथा ज्योति मैम द्वारा छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस अवसर पर छात्रों ने प्रार्थना गीत, नृत्य नाटक आदि कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के उप प्राचार्य ब्रदर मिंज ने सबसे पहले डॉ राधाकृष्णन का परिचय सबको दिया तथा उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक एक मार्गदर्शक, पथप्रदर्शक तथा काउंसलर होता है जो आपको अपने स्वप्न पूर्ण करने में मदद करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में प्रकृति मैम ने सभी छात्रों का आभार प्रकट किया। सीनियर कॉर्डिनेटर ज्योति मैम द्वारा संपूर्ण कैबिनेट मेंबर द्वारा अनुशासित कार्यक्रम प्रस्तुति का उत्साह वर्धन किया गया।